स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 21.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

साम्प्रदायिक सद्‌भाव आयोजित हुआ निगम, भिलाई में

भिलाईनगर/ देश में साम्प्रदायिक सद्‌भाव बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा 19 नवम्बर 2017 से 25 नवम्बर 2017 तक विशेष साम्प्रदायिक सद्‌भाव सप्ताह आयोजित करने का दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके तहत् नगर निगम, भिलाई के जोन 01 नेहरु नगर भेलवा तालाब के प्रांगण में साम्प्रदायिक सद्‌भाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न धर्म साम्प्रदाय, क्षेत्र, भाषा–भाषी लोग सम्मिलित हुए। वक्ताओं में लक्ष्मीकांत तिवारी हास्य एवं योग क्लब संस्थापक का कहना था कि भिलाई में एक मिनी भारत की छवि बसती है जिसमें वर्षो से प्रेम सौहार्द्र पूर्वक निवासरत् है पुरे देश में भिलाई की मिशाल दी जाती है सभी भाषा मजहब के लोग एक साथ मिलकर अपने तीज त्योहारों को राष्ट्रीय एकता की भावना से मनाते हैं। भारत विकास परिषद् के सदस्य अनिल कुमार डागा ने बताया कि शुरुआत के दिन भिलाई में जब सभी प्रांत के लोग एक साथ आकर निवास कर रहें थे सबका मकसद भिलाई का तरक्की था कोई किसी से यह नहीं पुछता था आप किस मजहब के हो एक दुसरे के घर में बनें खाना मौज से खाते थे, सबके स्वाद एक जैसे थे। वक्ताओं से कृष्णा पब्लिक स्कुल की कक्षा 8 वीं की छात्रा रिद्धिमा ने पुछा कि जब हम यह गाते हैं कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना फिर क्यों हर बात पर एक दुसरे को शक के निगाह से देखते हैं। लखनऊ से आये देवेन्द्र मणी त्रिपाठी ने बताया कि इन्ही कमियों को दुर करने के लिए ही राष्ट्रीय स्तर पर साम्प्रदायिक सद्‌भाव सप्ताह मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में लॉफिंग क्लब के सदस्य दीपक साहू, शिवनारायण मोदी, राधे गोविन्द साडा, दीपक पाण्डेय, विजय कुमार सेठी, अनिल कुमार भारतद्वाज, राजकुमार भल्ला, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से प्रमोद कुमार जैन, एमडी दीवान, अशोक दुबे, भागचंद जैन, प्रवीण जैन, गुरुद्वारा कमेटी से सरदार हरजीत सिंह, नगर निगम भिलाई से जोन आयुक्त संजय बागड़े, सचिव जीवन वर्मा, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

(अजय शुक्ला)
जनसम्पर्क विभाग